मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–01, अप्रैल 2018

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## ब्रांड लीडर की डीलर्स मीट

### उदयपुर में सम्पन्न हुई कामधेनु चैनल पार्टनर्स मीट



उपलब्धियों को हासिल करते हुए आगे बढ़ना हर कंपनी का सपना होता है। इस सपने को कामधेनु लिमिटेड हासिल करते हुए आगे बढ़ रही है, साथ ही कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति को भी साथ लेकर चल रही है। डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को लगातार मोटिवेट कर रही है। डीलर्स का सीधा संवाद कंपनी के अधिकारियों के साथ–साथ कंपनी के निदेशकों से भी होता रहे इसके लिए कंपनी हमेशा डीलर्स मीट का आयोजन करती है। इस तरह के आयोजन के साथ आपसी संवाद स्थापित करने के साथ ही कंपनी डीलर्स को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी करती है, ताकि उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता रहे। इस तरह यह आयोजन एक दो राज्य में ही नहीं बल्कि पूरे देश में अनवरत चलता रहता है।

गुजरात के डीलर्स के साथ आपसी समझ को और बेहतर करते हुए कंपनी ने 14–15 अप्रैल को डीलर्स मीट का आयोजन किया। दो दिन के इस सम्मेलन को कंपनी ने उदयपुर (राजस्थान) के बेहतरीन होटल अनंत में अयोजित किया। इसमें गुजरात के 450 डीलर्स सम्मिलित हुए। कंपनी की सफल व्यवसायिक नीतियों का निर्माण करने वाले निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने इस पूरे कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया।

यहाँ श्री सुनील अग्रवाल जी ने डीलर्स को सम्बोधित करते हुए कहा, ''हम जिस तरह से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद का निर्माण कर रहे हैं आप भी उसी निष्ठा के साथ कंपनी के इस्पात उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं। आपके प्रयास से ही दो वर्षों के छोटे से अंतराल में Kamdhenu NXT गुजरात में ब्रांड लीडर बन गया है और एक भरोसेमन्द टीएमटी उत्पाद बना है। हमे खुशी है कि आप पूरे उत्साह के साथ हर टारगेट को पूरा कर कंपनी को आगे बढ़ा रहे हैं। हम आपके प्रयासों की प्रशंसा करते हैं।'' श्री अग्रवाल जी ने आगे कहा, देश में बहुत सी ऐसी योजनाएं चल रही हैं, जो देश के इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा तय करेगी। इन सभी योजनाओं को ऐसे इस्पात उत्पादों की आवश्यकता है, जो आधारभूत ढाँचों को बेजोड़ मतबूती दे और वर्षों तक टिकाऊ बनाए रखे। हमारे पास ऐसे उत्पादों की पूरी रेंज है और ये पूरे देश में बेहतरीन लॉजिस्टिक्स एवं चैनल के माध्यम से उपलब्ध है।

लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए Kamdhenu NXT का गुजरात में निर्माण करने वाली तीन कंपनियों के निदेशक भी इस भव्य आयोजन में सम्मिलित हुए। यहाँ मेसर्स सोमेश्वर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री योगेश बी पटेल, श्री मुकेश सी पटेल और श्री मित्तल जे पटेल, मेसर्स आदित्य अल्ट्रा स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री वरुण जैन और मेसर्स जय भारत मेटकास्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री मुकेश आर ठाकुर सम्मिलित हुए। यहाँ इन्होंने कामधेनु के उत्पादों की गुणवत्ता को सराहा और कामधेनु ब्रांड के साथ जुड़े रहने पर खुशी जाहिर की।

इस चैनल पार्टनर्स मीट में कंपनी के पदाधिकारियों में श्री सुशील चौधरी जी (सीनियर जीएम मार्केटिंग), श्री अमित सोनी (एजीएम) और श्री कुंदन कुमार सिंह सम्मिलित हुए। यहाँ इन्होंने Kamdhenu NXT की बाज़ार में मांग बढ़ाने हेतु इसके बिजनेस प्लान को साझा किया। यहाँ उन डीलर्स को सम्मानित किया गया जिन्होंने टारगेट को पूरा करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# वैज्ञानिकों ने बनाया अदृश्य होने वाला कपड़ा

हॉलीवुड के डायनासोर और वास्तविक जीवन के शर्मीले समुद्री जीव स्क्विड के गुणों से प्रेरित होकर वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कपड़ा विकसित किया है जो अदृश्य हो जाता है। गायब होने की क्षमता के साथ यह कपड़ा अपने द्वारा प्रतिबिंबित किए जाने वाले ताप को भी बदल सकता है। ताप बदलने व प्रतिबिंबित करने की विशेषता के कारण यह एक ऐसा छलावरण बनाता है जिससे इस कपड़े को रात्रि में देखे जाने वाले इंफ्रारेड उपकरण से भी नहीं देखा जा सकता है। यह मुलायम कपड़ा बिजली प्रवाहित किए जाने के एक सेकेंड के अंदर बहुत तेजी से अपनी सतह को सपाट कर लेता है व सिकुड़ जाता है।



अमरिका के शहर इरविन में स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के प्रोफेसर एलन गोरोडेट्स्की ने कहा कि हमने विज्ञान की परिकल्पना और वैज्ञानिक तथ्य दोनों को मिलाया और इस अनोखे मटेरियल को विकसित किया। यह आविष्कार सैन्य टुकड़ियों को बेहतर ढंग से छिपने में मदद कर सकता है। यह अंतरिक्षयानों के लिए बेहतर इंसुलेशन उपलब्ध कराने, भंडारण के लिए बेहतर डिब्बे बनाने, आपातकाल शिविर, क्लिनिकल देख–रेख और हीटिंग व कूलिंग सिस्टम के अलावा बेहतर ढाँचों के निर्माण में भी सहायक हो सकता है।

# भारतीय रेलवे को मिला शक्तिशाली इंजन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 अप्रैल को बिहार के मधेपुरा में 12000 हॉर्स पावर की क्षमता वाले रेल इंजन का लोकार्पण किया और यहाँ निर्मित हो रही लोकोमोटिव फैक्ट्री को देश को समर्पित किया। इस इंजन से भारतीय रेल की ताकत बढ़ेगी और माल ढुलाई एवं यातायात को गति मिलेगी। अभी तक भारतीय रेलवे के पास सबसे ताकतवर इंजन 6000 हॉर्स पावर का था। इस इंजन को भारत फ्रांस की अल्स्टॉम कम्पनी के साथ मिलकर बना रहा है।

12000 हॉर्स पावर की क्षमता हासिल करने के बाद भारत दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों में शामिल हो गया जिनके पास 12000 हॉर्स पावर के इंजन है। भारत इस इंजन के साथ रूस, चीन, स्वीडन और जर्मनी जैसे देशों की पंक्ति में खड़ा हो गया।

# बिना आवाज निकाले बात करना हुआ मुमकिन



भारतीय मूल के रिसर्चर अरनव कपूर ने एक ऐसा डिवाइस बनाया है, जिसकी मदद से बिना आवाज निकाले बात की जा सकती है। अमरिका के मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) के मीडिया लैब में अध्ययनरत अरनव कपूर द्वारा बनाया गया यह डिवाइस एक क्रांतिकारी डिवाइस है। 'अल्टरगो' नाम का यह उपकरण बुदबुदाने और बहुत धीमे बोलने पर चेहरे की मांसपेशियों में होने वाली हरकातों या संकेतों को पहचान कर शब्दों में बदल देता है और इसे सीधे दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। इसे हेडसेट की तरह उपयोग कर सकते है।

इस तकनीक से व्यक्ति की प्राइवेसी को कोई खतरा नहीं है क्योंकि यह दिमाग को पढ़ नहीं सकती है। 'अल्टरगो' बहुत भीड़–भाड़ वाले जगह और बहुत शोर वाली जगह जैसे एयरक्राट कैरियर के डैक, फैक्ट्री व सेना के लिए बहुत कारगर है।

# कामधेनु संग बरसे रंग




देश में खूबसूरत सजावटी रंगों से अपनी खास पहचान बनाने के साथ ही कामधेनु पेंट्स देश की शीर्ष कंपनियों में शामिल है। देश की प्रमुख कंपनियों में शामिल कामधेनु पेंट्स ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता को बरकरार रखा है। गुणवत्ता को बनाए रखते हुए कंपनी ने देश के कई अवार्ड अपने नाम किए हैं। छोटा इवेंट हो या बड़ा इवेंट कंपनी ने हमेशा ही उसमें खुद को प्रतिष्ठित किया है। ऐसे ही एक इवेंट में कामधेनु पेंट्स सम्मिलित हुई और सभी को अपना मुरीद बना लिया। हाल ही में पूर्वी दिल्ली के हार्डवेयर, पेंट एंड सेनेटरी ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित किए गए इवेंट, रंग बरसे में कामधेनु ने भी भाग लिया। कंपनी ने यहाँ अपने बेहतरीन रंगों की पूरी रेंज को पेश किया। इसके साथ ही कंपनी ने मार्केटिंग कोलेटरल की कई डिजाइन को रखा जिसने डीलर्स और लोगों को कामधेनु पेंट्स के स्टॉल पर बनाए रखा।

स्टॉल की आकर्षक व सजावटी डिजाइन नें कंपनी को यहाँ भी सम्मानित करवाया और कामधेनु पेंट्स को बेस्ट स्टॉल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों में श्री कमल शर्मा जी, मार्केटिंग हेड (पश्चिमी उ.प्र., हरियाणा, पंजाब (जे.एल), उत्तराखंड और दिल्ली), श्री विजय अस्थाना (डीजीएम), श्री नवदीप शर्मा (ब्रांच मैनेजर), श्री प्रदीप शर्मा (ए.एम), श्री योगेश (ए.एस.एम) और श्री नितिन गोश्वामी जी सम्मिलित हुए। यहाँ श्री कमल शर्मा जी ने कहा, ''हम उत्पाद और सेवाओं को हमेशा ही बेहतरीन तरह से पेश करने की कोशिश करते है जिसके परिणामस्वरूप हम हमेशा खरे उतरते हैं और हर लक्ष्य को जीतने में सफल होते हैं। इस अवार्ड के बाद हम कहेंगे हम जहाँ रंग वहाँ और कामधेनु संग बरसे रंग।''

# रंगोत्सव में कामधेनु पेंट्स की छटा

अपने सजावटी रंगों से सभी का मन होम लेने वाले कामधेनु पेंट्स ने एक बार फिर अपने रंगों की छटा बिखेरी। इस बार अवसर था उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन का। 20 मार्च को आगरा के लोहामंडी स्थित महाराज अग्रसेन भवन में रंगोत्सव के 14वें वार्षिक सम्मेलन में देश की सभी कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस वार्षिक सम्मेलन में कामधेनु पेंट्स ने भी अपने खूबसूरत सजावटी रंगों की विस्तृत रेंज को प्रस्तुत किया। सजावटी रंगों की ऐसी बेहतरीन रेंज जो विविध रंगों में है और इतना किफायती है जिसे हर वर्ग का व्यक्ति इसे अपनी पसंद एवं जरूरत के मुताबिक ले सकता है। गुणवत्ता वाले एवं इको–फ्रेंडली सजावटी रंगों की विस्तृत रेंज ने लोगों व अन्य कंपनी के डीलर्स को अपनी ओर आकर्षित किया। कामधेनु पेंट्स के स्टाल में लोगों की बढ़ती दिलचस्पी को कंपनी के पदाधिकारियों ने बड़ी कुशलता के साथ अवेयरनेस प्रोगाम की तरह संभाला और लोगों को प्रत्येक उत्पाद की संपूर्ण जानकारी दी। इस इवेंट में कंपनी के पदाधिकारियों में श्री दीपांकर शर्मा (ब्रांच मैनेजर), श्री मनीष राघव (एस.एस.ओ.), श्री अंशुल गुप्ता (एस.ओ.), श्री इशांत श्रीवास्तव (डी.जी.) श्री जितेश कुमार (एस.एस.ओ.) और श्री नितिन गोस्वामी (ब्रांड प्रमोशन, एग्जिक्यूटिव) सम्मिलित हुए।



# इंफ्रास्ट्रक्चर में फिट मार्किट में हिट

KAMDHENU Nxt DOUBLE RIB TMT BAR

कामधेनु लिमिटेड अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊँचाई पर ले जाने का बेहतरीन प्रयास कर रही है। उन्नत किस्म के ऐसे टीएमटी उत्पादों का निर्माण कर रही है, जो हर तरह के इंफ्रास्ट्राक्चर के लिए फिट हैं। Kamdhenu NXT कंपनी का ऐसा ही उत्पाद है, जो अपनी जबरदस्त खासियतों के साथ पूरे देश में हिट होता जा रहा है। इस उत्पाद के लगातार बढ़ते ग्राफ में कंपनी के डीलर्स ने अपना अहम योगदान दिया है। डीलर्स के इस योगदान को सराहने के लिए कंपनी ने Kamdhenu NXT के डीलर्स मीट का आयोजन किया।

डीलर्स को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, "हिमाचल में कामधेनु लिमिटेड के उत्पादों को ग्राहकों तक सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए आप बहुत उम्दा कार्य कर रहे हैं। आपके प्रयासों से ही हिमाचल में हमारे उत्पादों की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। आज Kamdhenu NXT राज्य में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला स्टील उत्पाद है। हम चाहते है कि आप इसी तरह कार्य करते रहें और बेहतरीन साझेदारी के साथ कंपनी को नये पायदान पर पहुंचाते रहें।"

इस आयोजन में कंपनी के पदाधिकारियों में श्री दीपक भाटिया जी (एजीएम, हिमाचल प्रदेश), श्री विवेक महेश्वरी और श्री अमित सोनी सम्मिलित हुए। यहाँ पर श्री दीपक भाटिया जी ने डीलर्स को टारगेट पूरा करने पर बधाई दी और उन्हें Kamdhenu NXT से जुड़ी नई योजनाओं की जानकारी दी। कामधेनु की टीम ने उत्पाद के तकनीकी पहलुओं को विस्तार से बताया ताकि डीलर्स इस नॉलेज का उपयोग एक टूल की तरह कर Kamdhenu NXT की




कंपनी डीलर्स को उनके प्रदर्शन के लिए प्रत्येक वर्ष सम्मानित करते रहती है। डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए अपने वार्षिक कार्यक्रम के तहत कंपनी ने हिमाचल के डीलर्स के लिए एक भव्य कार्यक्रम को आयोजित किया। चंडीगढ़ के बेहतरीन पाँच सितारा होटल ललित में आयोजित इस कार्यक्रम में हिमाचल के 300 से अधिक डीलर्स सम्मिलित हुए।

इस इवेंट में कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी सहित कंपनी के पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए। Kamdhenu NXT के मांग को जबरदस्त तरीके से बढ़ा सकें। यहाँ देश की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी एवं हैवी इंफ्रास्ट्रक्चर में Kamdhenu NXT की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीति को भी साझा किया गया। इस इवेंट में डीलर्स ने भी कंपनी की बिजनेस फ्रेंडली नीतियों की तारीफ की और कंपनी के उत्पादों को और बेहतर ढंग से ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए आश्वस्त किया। इस सम्मेलन में उन डीलर्स को सम्मानित किया गया जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री राजीव कुमार**
**मेसर्स बंसल कलर प्रा. लि.**
B–20 ज्योति कॉलोनी, टिम्बर मार्किट शाहदरा – 110032
मो. 9312660045

**श्री सुरिंदर गोयल**
**मेसर्स गोयल ट्रेडर**
129 वेस्ट गुरु अंगद नगर, लक्ष्मी नगर, ईस्ट दिल्ली – 110092
मो. 9810356666

**श्री विकास बंसल**
**मेसर्स कलरफुल एन्टप्राईज़**
32/75 B स्ट्रीट नंबर 11, विश्वास नगर – 110032
मो. 9717288055

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by Kamdhenu Limited, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com